प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस प्री 2024 परीक्षा का आज प्रदेशभर में आयोजन हो रहा है। इसके लिए 2 हजार 45 केंद्र बनाए गए है। परीक्षा के लिए 6 लाख 75 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई ये परीक्षा 3 बजे तक चलेगी। एक पारी में होने वाली इस परीक्षा के आयोजन को लेकर काफी सतर्कता बरती गई है। परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर के क्षेत्र में स्थित सभी साइबर कैफे और ई–मित्र, परीक्षा के दौरान बन्द रहेंगे। परीक्षा में पादर्शिता बनाये रखने और विद्यार्थियों की सहुलियत के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए है।

--------------

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज सुबह जयपुर के अल्बर्ट हॉल से जयपुर मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये इस मैराथन का 16वां संस्करण है। इसकी थीम ''दौड़ते कदमों का उत्सव'' रखी गई। मैराथन में जयपुर वासियों के साथ 25 देशों के धावकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रदेश के लिए आवश्यक है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। बसंत पंचमी के चलते इस बार 10 हजार से अधिक धावक एक साथ पीले कपडो में दौड़ लगाते हुए नजर आये। मैराथन से पहले धावकों ने ओ३म् का आकार बनाया और उच्चारण किया।

--------------

बसंत पंचमी का पर्व आज उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न जगहों पर मां सरस्वती के पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर साझा एक संदेश में राष्ट्रपति मुर्मु ने शिक्षा और ज्ञान से जुड़े इस पर्व पर कामना की है कि ये पर्व देशवासियों के लिए खुशी, समृद्धि और ज्ञान लेकर आयेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में ज्ञान विवेक और सृजनात्मकता हमेशा रहने की कामना की है। जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में बसंत पंचमी का उल्लास छाया हुआ है। पाटोत्सव के अवसर पर ठाकुर जी के विशेष श्रृंगार और पूजन के साथ श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुँच रहे है। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज से ही बृज क्षेत्र में होली के आयोजन भी शुरू हो जाते है। शहर के चौराहों पर होली का डांडा रोपा जा रहा है। साथ ही श्रद्धालु किला स्थित बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर श्रद्धा भाव के साथ पूजा अर्चना कर दान पुण्य कर रहे है। झालावाड में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना और अन्य धार्मिक आयोजन किये जा रहे है। आज सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। मंदिरों में भजन कीर्तन हो रहे है। भीलवाडा के आसींद में अंतरराष्ट्रीय सवाई भोज मंदिर में भगवान श्री देवनारायण की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। सवाईमाधोपुर में भी पारंपरिक श्रद्धा भाव से ये पर्व मनाया जा रहा है। वहीं अबूझ सावा होने के चलते प्रदेशभर में शादी समारोह की धूम है। कई समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किये जा रहे है।

--------------

अजमेर में सभी चौराहों पर नाईट विजन कैमरे लगाये जायेंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस संबंध में पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं। शहर में बांग्लादेश और रोहिंग्या घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए विशेष निगरानी भी की जाएगी। विभिन्न स्थानों पर सत्यापन अभियान भी चलाया

जाएगा। इसके साथ ही अपराधों की रोकथाम के लिए भी पुलिस गश्त और नफरी भी बढ़ाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कल सर्किट हाउस में जिला पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। श्री देवनानी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि शहर में अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की पहचान के लिए विशेष निगरानी अभियान चलाया जाए।

--------------

प्रदेश में अगले 24 घंटों में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव की संभावना है। इससे कई स्थानों पर बारिश के आसार है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इसके बाद तापमान में गिरावट हो सकती है। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे कम 4 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान लूणकरणसर में दर्ज किया गया। सिरोही में 5 दशमलव 9, श्रीगंगानगर में 6 दशमलव 2, चित्तौडगढ में 8 दशमलव 8, चूरू में 9, भीलवाडा में 9 दशमलव 8,राजधानी जयपुर में 17 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

--------------

वक्फ संशोधन विधेयक की जांच करने वाली संयुक्त संसदीय समिति—जेपीसी की रिपोर्ट कल लोकसभा में पेश की जाएगी। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल और सदस्य संजय जयसवाल रिपोर्ट सदन में रखेंगे। समिति ने गुरुवार को ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रिपोर्ट सौंप दी थी।

--------------